भाकृअनुप – केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान

श्री गंगानगर राजमार्ग, बीछवाल, बीकानेर-334 006 (राज)

ICAR-CENTRAL INSTITUTE FOR ARID HORTICULTURE

Sri Ganganagar Highway, Beechwal-BIKANER-334 006

“खेत बचाओ अभियान“ पर राष्ट्रव्यापी अभियान”

Dated 02.06.2026

आज दिनाक 02.06.2026 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा चलाए जा रहे “खेत बचाओ अभियान” पर राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत भा.कृ.अनु.प.-केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर द्वारा खिंचिया एवं खरा गाँव में किसान के खेत पर आयोजित किया गया जिनमे **“खेत बचाओ अभियान** के अंतर्गत उर्वरकों का संतुलित उपयोग, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, सरकारी योजनाओं का लाभ एवं वैज्ञानिक सलाह, परिचर्चा, जागरूकता आदि पर चर्चा हुई। इस अवसर पर, संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दीपक सरोलिया ने संतुलित खाद एवं उर्वरकों का फसलों मे उपयोग, प्राकृतिक खेती, एकीकृत पौष्टिक प्रबंधन द्वारा मिट्टी की उर्वरता और उत्पादकता बनाए रखने मे विस्तृत रूप से चर्चा की।उन्होने किसानों की प्रतिक्रिया में वर्तमान में खेत में प्रदर्शित ग्वार सब्जी, काकड़िया के साथ मोसंबी, बीलपत्र, एवं लसोड़ा के समसामयिक क्रियाकलापों के साथ मौसम की विपरीत परिस्थितियों की समस्याओं का समाधान के बारे में बताया। इसके साथ ही डॉ एस के माहेश्वरी प्रधान वैज्ञानिक ने बागवानी फसलों की उन्नत किस्मों के महत्व एवं सही पोषण व्यवस्था पर जागरूक होने पर ज़ोर दिया। उन्होने किसानो से आह्वान किया कि अधिक रसायनों का प्रयोग न करते हुये पौध आधारित बोटेनिकल का छिड़काव करें

इस अवसर पर संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रामकेश मीना ने खारा पंचायत में किसानों को विभिन्न बागवानी फसलों में जैव-उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़े। इस अवसर पर उन्होने खजूर की खेती पर बल देते हुये संतुलित उर्वरक प्रबंधन, समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन द्वारा मिट्टी की सेहत की आवश्यकता की उपयोगीता पर जोर दिया।